卐 श्री सद्गुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 111 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦28 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बिहार में गिरी गठबंधन की सरकार

### सीएम नीतिश ने सौंपा इस्तीफा, एनडीए के साथ मिलकर पेश किया नई सरकार बनाने का दावा



पटना (उद ब्यूरो)। बिहार में आज महागठबंधन सरकार टूट गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने के साथ ही भाजपा के समर्थन से नई सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है। नीतीश कुमार ने कहा कि महागठबंधन के साथ रहना अब मुश्किल हो गया था। वहीं पीएम मोदी ने नीतीश कुमार को फोन करके बधाई दी है। रविवार सुबह सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार ने लालू यादव की पार्टी पर जमकर निशाना साधा। नीतीश कुमार ने राजभवन से बाहर आकर पत्रकारों से बात करते हुए कहा, हमारी पार्टी की राय के बाद मैंने इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी कामों का क्रेडिट वहीं (आरेजडी) ले रही थी, मैं काम कर रहा था लेकिन मुझे काम नहीं करने दिया जा रहा था, दोनों तरफ तकलीफ थी। इस्तीफा देने की नौबत इसलिए आई क्योंकि सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था। हमने कुछ बोलना छोड़ दिया था, सबकी राय आ रही थी, पार्टी की राय थी चारों तरफ से कहा जा रहा था जिसके बाद हमने ये फैसला लिया।उन्होंने कहा जो गठबंधन डेढ़ साल पहले बनाया था उसमें भी इधर आकर स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। जिस तरह का दावा किया जा रहा था एक पार्टी की तरफ से वो हमलोगों को खराब लग रहा था। इस्तीफे के बाद रविवार शाम को ही नीतीश कुमार एक बार फिर से (शेष पृष्ठ सात पर)

## एलायंस कालोनी में बवाल

**रसूखदार परिवारों के बीच जमकर हुई मारपीट**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की एलायंस कालोनी निवासी दो छात्रों के बीच कहासुनी और मारपीट के मामले ने जबरदस्त तूल पकड़ लिया। रात को दोनों पक्षों के कई रसूखदार आमने सामने आ गये। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में कोई लोग चोटिल हुए हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। मामले में पुलिस अब समझौता कराने के प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि एलायंस कालोनी निवासी प्रतिष्ठित परिवार के दो छात्रों के बीच कालोनी से बाहर किसी बात को लेकर कहासुनी और मारपीट हो गयी थी। बीती रात एक छात्र ने अपने 3-4 साथियों को बुलाकर दूसरे पक्ष के छात्र और उसके साथियों के साथ पुन: मारपीट कर दी। जब छात्र के अभिभावकों और कालोनी के अन्य लोगों को इसकी जानकारी मिली तो कई लोग पहुंच गये। जिस पर दूसरे पक्ष के छात्र ने बाहर से अपने 15-20 अन्य साथियों को भी वहां बुला लिया जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। विवाद के दौरान सोसाईटी के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। बताया जाता है कि सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ भी मारपीट की गयी। देर तक चले इस घमासान से कालोनी में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। मारपीट में कुछ लोग चोटिल भी हुए हैं। मामला बढ़ने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने दो युवकों को (शेष पृष्ठ सात पर)

## दोहरे हत्या काण्ड का आज शाम होगा खुलासा

खटीमा(उद संवाददाता)। प्राचीन भारामल मंदिर में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकाण्ड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आज शाम एसएसपी मामले का खुलासा करेंगे। बता दें 5 जनवरी को प्राचीन भारामल मंदिर के महंत हरि गिरी महाराज और सेवादार रूप सिंह बिष्ट की कुछ बदमाशों ने हत्या कर दी थी और मौके से नगदी लूटकर फरार हो गये थे। मामला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण खासा सुर्खियों में रहा था। सनसनीखेज हत्याकाण्ड के खुलासे के लिए पुलिस और एसओजी की कई टीमों को लगाया गया था। एसपी सिटी मनोज कत्याल खुलासे के लिए घटना के बाद से ही खटीमा में डेरा डाले हुए थे।मामले में पुलिस अब तक 100 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। साथ ही पुलिस ने कई सीसी टीवी कैमरें भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## मूल निवास स्वाभिमान महारैली में उमड़े सैकड़ों लोग



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मूल निवास, भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति के बैनर तले नगर में मूल निवास स्वाभिमान महारैली निकाली गई। जिसमें कई संगठनों ने से जुड़े सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। आन्दोलित लोगों ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए आज हम नहीं लड़े तो कल बाहरी ताकतें हम पर राज करेंगी। उत्तराखंड में मूल निवास कानून लागू करने और इसकी कट ऑफ डेट 26 जनवरी 1950 घोषित किए जाने और प्रदेश में सशक्त भू-कानून लागू किए जाने जैसे मुद्दों को लेकर बुद्ध पार्क से उत्तराखंड मूल निवास स्वाभिमान महारैली निकाली गई। रैली में नगर एवं आस पास के लोगों के साथ ही अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। गौरतलब है कि प्रदेश में भू-कानून और मूल निवास के मुद्दे पर गरमाई सियासत के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय प्रारूप समिति का गठन किया गया था। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए थे कि भू-कानून के लिए बनाई गई कमेटी बड़े पैमाने पर जन सुनवाई करे। कई क्षेत्रों से जुड़े लोगों और विशेषज्ञों की राय लें। भू-कानून के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था के तहत गढ़वाल और कुमाऊं कमिश्नर को भी शामिल किया जाए। संघर्ष समिति ने अपनी मांगों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में ठोस भू कानून लागू हो, शहरी क्षेत्र में 250 मीटर भूमि खरीदने (शेष पृष्ठ सात पर)

## वन विभाग ने बाघ को किया ट्रेंकुलाइज

### ग्रामीण को मारने के बाद बाघ ने मवेशी को भी बनाया था निवाला



रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर वनप्रभाग अंतर्गत कोसी रेंज स्थित चुकुम गांव में बुजुर्ग को मौत के घाट उतारने वाले बाघ को वन विभाग ने 24 घंटे के भीतर ही ट्रैकुलाइज कर लिया है। वन विभाग की टीम ने बाघ के सैंपल लेकर जांच के लिए सीसीएमबी हैदराबाद भेज दिये है। साथ ही बाघ को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज स्थित ढेला रेस्क्यू सेंटर में भेज दिया गया है। बाघ के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बता दें शनिवार सुबह बाघ ने चुकुम गांव के निवासी 60 वर्षीय गोपाल राम पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। खोजबीन करने पर गोपाल राम का शव जंगल में बरामद किया गया था। बाघ के हमले की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत व्याप्त थी। जिसके चलते वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी थी। रामनगर वनप्रभाग के डीएफओ दीगांत नायक ने बताया कि उच्चाधिकारियों से अनुमति लेकर बाघ को पकड़ने के लिए घटना वाले क्षेत्र के पास दो पिंजरे लगाने के साथ ही वन(शेष पृष्ठ सात पर)




## अवैध रूप से चल रहे दो क्लीनिक सील किये



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने रविवार को बनभूलपुरा लाइन नंबर 17 और इंदिरा नगर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे दो क्लीनिक को सील कर दिया। सिटील मजिस्ट्रेट ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जिससे वहां हड़कम्प मच गया। उन्होंने क्लीनिक पर दस्तावेज चेक किया लेकिन मौके पर क्लीनिक चला रहा संचालक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया ।उन्होंने तत्काल दोनों क्लीनिकों को सील कर दिया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से उनको इस संबंध में शिकायत मिल रही थीं कि बनभूलपुरा और इंदिरा नगर (शेष पृष्ठ सात पर)



# जनजातीय समाज को मजबूत और आत्मनिर्भर बना रही सरकारः धामी





देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के परेड मैदान में राज्य जनजातीय शोध संस्थान की ओर से आयोजित जनजातीय महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी आदिवासी समाज को अस्तित्व, अस्मिता और आत्मनिर्भरता काए मार्ग देने वाले कुशल प्रणेता थे।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनजाति कल्याण विभाग के ढांचे को पुनर्गठित करने एवं उत्तराखण्ड जनजातीय महोत्सव के आयोजन के लिए धनराशि को बढ़ाये जाने की भी घोषणा की। इस अवसर पर विभिन्न जनजातियों द्वारा अपनी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार का मानना है कि जनजातीय समाज का मजबूत और आत्मनिर्भर बनना देश और प्रदेश की उन्नति के लिए बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि आजादी के नायकों की भूली बिसरी वीर गाथाओं को देश के सामने लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने प्रत्येक वर्ष की 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। जिसे हमारी सरकार द्वारा भी हर वर्ष अत्यंत धूमधाम से मनाया जा रहा है और भविष्य में भी मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह जनजातीय महोत्सव जहां एक ओर जनजातीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रहा है, वहीं गैर जनजातीय समुदाय को भी जनजातीय समाज की कला एवं संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराने का कार्य भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ चल रही है। उन्होंने कहा कि आज उज्ज्वला योजना और आयुष्यमान योजना में गरीबों, आदिवासियों और दलितों को प्राथमिकता दी गई है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड जनजाति आयोग की अध्यक्ष लीलावती राणा, विधायक खजान दास, पूर्व राज्य सभा सांसद तरुण विजय, जनजाति कल्याण विभाग के निदेशक एसएस टोलिया, समन्वयक राजीव कुमार सोलंकी, उपनिदेशक योगेंद्र सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने किया 'घोषणा पत्र' सम्मेलन का आयोजन

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की मेनिफेस्टो कमेटी ने लिये सुझाव





देहरादून( उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। देहरादून में कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सभी नेताओं ने आपसी विचार विमर्श कर घोषणा पत्र को लेकर चर्चा की। पदाधिकारियों का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और कांग्रेस पार्टी देश भर में लोगों के बीच पहुंचकर घोषणा पत्र को लेकर सुझाव ले रही है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और आईसीसी मेनिफेस्टो कमेटी के संयोजक टीएस देव, सीडब्ल्यूसी सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह और गणेश गोदियाल उत्तराखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती ज्योति रौतेला समेत कई नेताओं ने शिरकत की। बैठक में तमाम नेताओं से घोषणा पत्र को लेकर सुझाव लिए गए। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और इंडिया गठबंधन के सहयोगी और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों से भी मेनिफेस्टो के लिए सुझाव लिए गए। बैठक के बाद मेनिफेस्टो कमेटी के संयोजक और छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस देव का कहना है कि लोकसभा को लेकर घोषणा पत्र बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने एक समिति बनाई है। उसके संयोजक के रूप में हम उत्तराखंड के सभी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, इंडिविजुअल संगठनों के सदस्य और प्रतिनिधि सभी से राय लेने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देहरादून में सार्थक बैठक हुई है और इसमें कई नेताओं से मेनिफेस्टो को लेकर सुझाव आए हैं। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य गुरदीप सिंह सतपाल का कहना है कि लोकसभा चुनाव सामने हैं, ऐसे में कांग्रेस पार्टी देश भर में लोगों के बीच पहुंचकर घोषणा पत्र को लेकर सुझाव ले रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हाल ही के दिनों में सभी राज्यों के नेताओं से रिव्यू मीटिंग ली है। इस बार कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को कड़ी टक्कर देने जा रही है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने अमरीक हॉल रेसकोर्स देहरादून में आयोजित कांग्रेस घोषणा पत्र सम्मेलन में प्रतिभाग किया। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर कांग्रेस घोषणा पत्र समिति के संयोजक, छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री टी एस सिंह देव व सीडब्ल्यूसी सदस्य श्री गुरदीप सिंह सप्पल का बैठक में पहुंचने पर स्वागत किया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा



देहरादून। आज मल्लिकार्जन खड़गे उत्तराखंड में आयोजित कांग्रेस के सम्मेलन में पहुंच रहे है। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव का चुनावी बिगुल फूंकने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे से पहले सियासी घमासान छिघ्ड़ा हुआ है।शनिवार रात्रि पुलिस लाइन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलिकॉप्टर लैंडिंग की अनुमति न मिलने पर गुस्साए कांग्रेसियों ने पुलिस मुख्यालय घेर लिया। कई घंटे तक बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता हंगामा करते रहे। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दखल दिया। उनके दखल से मामला शांत हुआ और अनुमति मिल गई है। मामले की जानकारी मिलने पर सीएम धामी ने नेता प्रतिपक्ष आर्य, प्रदेश अध्यक्ष माहरा से फोन पर बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष के हेलिकॉप्टर की अनुमति दी जाएगी। इसके कुछ ही देर बाद अनुमति मिल गई। इसके बाद कांग्रेसी वहां से चले गए।

# सम्मेलन के लिए दून रवाना हुए कांग्रेसी



रूदपुर( उद संवाददाता)। कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रविवार को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम के लिए रुद्रपुर से तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता शनिवार रात उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में देहरादून के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्रीमती शर्मा सहित पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश पंत, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, महानगर एनएसयूआई के अध्यक्ष योगेश पांडे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश शर्मा, सुदर्शन शर्मा,नवल किशोर पांडे, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष चेतन भट्ट, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सचिव रामाधारी गंगवार,श्रीमती सोनू शर्मा, ममता शर्मा, मंजू जैन,पूनम गुप्ता, इंद्रावती, अरविंद सक्सेना, फरमान सिद्दीकी, अनिल शर्मा, विक्की विजय यादव, किशोर कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निर्मल नगर में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध खनन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।ग्राम सभा निर्मल नगर में महीनो से पट्टे की भूमि से अवैध मिट्टी खनन लगातार जारी है। मिट्टी खनन माफिया जहां एक ओर कृषि भूमि को तालाबों में तब्दील करने में जुटे हुए हैं। वहीं सरकार को राजस्व की भी हानि पहुंचा रहे हैं। गत लगभग चार महीनों से ग्राम सभा निर्मल नगर के



शमशान घाट के निकट, अवैध रूप से मिट्टी खनन कार्य निरंतर जारी है। निर्मल नगर के तीन- चार काश्तकार ऐसे हैं, जो अपनी कृषि भूमि से मिट्टी खनन माफियाओं को उपलब्ध करा रहे है। आलम यह है कि खनन माफिया बेखौफ होकर, महीनों से मिट्टी खनन कार्य करने मे जुटे हुये है। जिस कारण कई एकड़ कृषि भूमि तालाब मे तब्दील हो गया है। वहीं खनन माफिया अवैध मिट्टी खनन कर सरकार को भी राजस्व हानि पहुंचा रहे हैं। लगभग चार महीनों से जारी अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन भी आंख मूंद ली है। प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न होने के कारण मिट्टी खनन माफियाओं का हौसला बुलंद हैं। वहीं निर्मल नगर श्मशान घाट के निकट कई महीनो से जारी अवैध मिट्टी खनन के बाबत उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने कहा कि फिलहाल वे अवकाश पर हैं। बावजूद भी तहसीलदार को मौके पर भेज कर इसकी जांच कराएंगे।

# यूनिक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली

गदरपुर/सकैनिया( उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस की पावन बेला पर यूनिक पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा स्कूल से लेकर सकैनिया मुख्य बाजार होते हुए एक रैली का आयोजन प्रदान की। स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इस्माइल द्वारा गणतंत्र दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी देते हुए कहा कि देश के अमर शहीदों को याद करते हुए जनता द्वारा जनता के लिए बनाई गई व्यवस्था। हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ। हमने 26 जनवरी 1949 को संविधान अपनाया और 26 जनवरी 1950 को हमारा चाहिए। हम भारतीय हैं और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। अनेकता में एकता ही हमारे देश की खूबसूरती है। इसके बाद स्कूल में मिष्ठान वितरण भी करवाया गया इस अवसर पर स्कूल के




किया गया जिसमें तिरंगा ध्वज एवं अन्य बैनर लेकर बच्चों द्वारा देश भक्ति के गीत गुनगुनाते हुए रैली निकाली गई। स्कूल पहुंचने पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं कहा कि आज हम एक स्वतंत्र और गणतंत्र देश में रह रहे हैं। वही स्कूल के उप प्रधानाध्यापक जफरुद्दीन ने अपने सम्बोधन में सभी को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र का अर्थ है संविधान लागू हुआ। संविधान को बनाने में 2 साल, 11 महीने और 18 साल लगे। हमें स्वतंत्रता सेनानी के बलिदान को याद रखना चाहिए। हमें संविधान का पालन करना चाहिए और राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि धर्म मानना प्रधानाध्यापक- मोहम्मद इस्माइल,उप प्रधानाध्यापक जफरुद्दीन, शिक्षिका जायदा खातून, बबीता, लवी ठाकुर, साजिदा, उजमा, अलीना,अंजलि अभिभावक सुभाष चंद, शिवकुमार, जंगीर, बलदेव सिंह सहित तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# जी.आर.डी. स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता)।धौलपुर स्थित जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन गुरनाम सिंह चावला, वाईस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला, प्रिंसिपल ए.जे. बटसर ने संयुक्त




रूप से ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी तथा मां भारती एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात विद्यालय पदाधिकारियों एवं मुख्य अतिथि नाहिद रजा का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। चेयरमैन गुरनाम सिंह चावला ने गणतंत्र दिवस पर देश के अमर शहीदों को याद करते हुए कहा कि आज हम एक स्वतंत्र और गणतंत्र देश में रह रहे हैं, जिन महान स्वतंत्रता सेनानियों ने हमारे लिए अपने प्राणों की आहुति दी, उनकी ओर से मैं अपनी और अपने स्कूल की ओर से उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने अपनी जवानी और अपने परिवारों का बलिदान दिया। आज हमारा कर्तव्य है कि हम उनके सपनों के भारत को प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाएं। प्राचार्य ए जे बट्सर ने सभी को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र का अर्थ है जनता द्वारा जनता के लिए बनाई गई व्यवस्था। हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ। हमने 26 जनवरी 1949 को संविधान अपनाया और 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ। मुख्य अतिथि नाहिद रजा वरिष्ठ प्रधानाचार्य ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और स्कूल का आभार जताया और कहा कि मुझे मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए मैं जीआरडी स्कूल को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि हमें देश के प्रति समर्पित रहना चाहिए। आजकल हमें सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। यदि हमें कहीं भी अच्छी बातें मिलें तो उन्हें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उपप्राचार्य श्रीमती साधना बटसार नेकहा कि संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को हम भूल नहीं सकते। हमारे देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, सरदार भगत सिंह, खुदीराम बोस, वीर सावरकर, उधम सिंह आदि ने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। वाइस चेयरमैन सतनाम सिंह चावला ने कार्यक्रम के सफल संचालन और समापन के लिए सभी शिक्षकों और छात्रों को ध न्यवाद दिया। अंत में सभी ने वंदे मातरम गाकर कार्यक्रम का समापन किया।

# स्वास्थ्य विभाग की झांकी के प्रतिभागी हुए सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाईन में आयोजित परेड के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई झांकियों में स्वास्थ्य विभाग की झांकी को प्रदेश के काबीना मंत्री एवं जिला प्रभारी गणेश जोशी द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित करने पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज शर्मा द्वारा



झांकी के प्रतिभाग करने वाले सभी चिकित्सा कर्मियों को सम्मानित कर उन्हे बध ाई दी और उन्हें मिष्ठान खिलाया। डा. शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस के परेड में स्वास्थ्य विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिलने से विभाग का गौरव बढ़ा है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में नियुक्त ए एन एम दीपा जोशी द्वारा झांकी में निभाई गई चिकित्सक की भूमिका की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रीमती जोशी पूर्व में भी कई अवसरों पर स्वास्थ्य विभाग का नाम जिले, प्रदेश के साथ ही देश में रोशन कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दीपा जोशी को पूर्व में स्वयं राष्ट्रपति, प्रदेश के मुख्यमंत्री, अनेक जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधि कारियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जो इस जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने झांकी के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दीपा जोशी, प्रदीप महर, गीता जोशी, पंकज गोसाईं, रीना रॉय व प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

# चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने चोरी की बाइक सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी बाइक चोरी के आरोप में जेल



जा चुका है। जानकारी के मुताबिक आदर्श छिनकी नौगांव किच्छा निवासी जकी अहमद पुत्र मुमताज अहमद की स्पलैंडर बाइक संख्या यूके 06एएल 7819 ब बीते दिनों गुरू मां इंटरप्राईजेज शोरूम के पास से चोरी हो गयी थी। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की। उक्त बाइक को चोरी करने वाले वाले शिवम यादव पुत्र नेत्रपाल यादव निवासी भदईपुरा वार्ड नंबर 16 को पुलिस ने एलाइंस कॉलोनी के समीप स्थित खाली प्लॉट से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी हुई स्पैलण्डर प्लस बाईक भी बरामद कर ली। आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गयी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी विजय सिंह कांस्टेबल दिनेश सिंह, उमेश सिंह आदि शामिल थे।

# पुलिस ने दबोचा सटोरिया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोबाइल के जरिये सट्टा खिला रहे सटोरिये को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से सट्टे की खाई बाड़ी में प्रयोग किया जा रहा मोबाइल और 2030 रूपये की नगदी बरामद की गयी। मुखविर की सूचना पर पुलिस ने अग्रसेन हॉस्पिटल के पास दबिश देकर सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया।



पूछताछ में उसने अपना नाम नरेश शर्मा पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी रेशमबाड़ी वार्ड नंबर 12 रूद्रपुर बताया। आरोपी के पास से एक मोबाइल और 2030 रूपये की नगदी बरामद की गयी। मोबाइल को चेक करने पर उसमें सट्टे का हिसाब किताब मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लम्बे समय से सट्टे के कारोबार में लिप्त है। सट्टा गाजियाबाद से संचालित किया जाता है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नवीन बुधानी, कांस्टैबल अमित जोशी, महेन्द्र कुमार आदि शामिल थे।

## चौराहों के चौड़ीकरण में एक मीटर की छूट दिए जाने के निर्देश

देहरादून। हल्द्वानी नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू करने और जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सड़कों और चौराहों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। व्यवसायी संगठनों और व्यापारियों द्वारा सड़क चौड़ीकरण के प्रस्तावित मानकों में शिथिलता की मांग की जा रही थी। सीएम ने व्यवसायियों की समस्याओंको गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को सड़क चौड़ीकरण में सड़क सुरक्षा को ध्यान मेंरखते हुए एक मीटर की छूट दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# यूपीयू के जिला उपाध्यक्ष बने पत्रकार सुरेंद्र खुराना

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र खुराना को उत्तराखंड पत्रकार यूनियन का जिला उपाध्यक्ष मनोनित किया गया है। पत्रकार खुराना ने जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने की



बात कहते हुये शीर्ष पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्हें किच्छा व सितारगंज क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया गया है। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कंडारी की संस्तुति पर प्रदेश उपाध्यक्ष व कुमाऊं प्रभारी राजकुमार फुटेला, जिलाध्यक्ष कंचन वर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार रूपेश कुमार ने किच्छा पहुंचकर पत्रकार सुरेंद्र खुराना को माला पहनाकर बधाई दी। प्रदेश उपाध्यक्ष फुटेला ने कहा कि उत्तराखंड पत्रकार यूनियन पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिये काम करने वाला संगठन है। संगठन, धरातल पर काम करने वाले पत्रकारों को जोड़कर पत्रकारिता के स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में काम कर रहा है। हमारा उद्देश्य पत्रकारिता के साथ-साथ जन सरोकार के काम करना भी है। जिलाध्यक्ष कंचन वर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कंडारी की संस्तुति पर किच्छा के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र खुराना को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया है। साथ ही किच्छा व सितारगंज की इकाई को घोषित करने के लिये उन्हें प्रभारी भी बनाया गया है। उम्मीद है कि वह संगठन को आगे बढ़ाने में बेहतर सहयोग करेंगे। नव-नियुक्त जिला उपाध्यक्ष खुराना ने कहा कि संगठन से जुड़कर पत्रकार हितों के लिये काम करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वहां पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, पत्रकार राज सक्सेना, शिवम शर्मा, विशाल शर्मा व संदीप पांडे उपस्थित रहे।

# जैन ग्लोबल स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

किच्छा(उद संवाददाता)। जैन ग्लोबल स्कूल में 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबंधक श्रीमती हर्षिता जैन, श्रीमती अंकिता जैन व शाखा प्रबंधक श्रीमती ज्योति छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मुख्य अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया और राष्ट्रीय गान किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत परेड के माध्यम से झण्डे को सलामी दी गई। इस अवसर पर श्रीमती ज्योति छाबड़ा ने गणतंत्र दिवस के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये। सभी बच्चों ने उनके विचारों को ध्यान से सुना तथा भाषण, डम्बल पीटी, नृत्य व विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का अंत मिष्ठान वितरित करके किया गया। विद्यालय प्रबंधक श्रीमती हर्षिता जैन, श्रीमती अंकिता जैन, शाखा प्रबंधक श्रीमती ज्योति छाबड़ा जी तथा सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।




*गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त जनपदवासियों / प्रदेशवासियों को जिला पंचायत अल्मोड़ा की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें*

जनपद वासियों से अनुरोध है कि उत्तराखण्ड जिला पंचायत अधिनियम 2016 के तहत बनाई गयी उपविधियों के अनुरूप नियामानुसार कोई भी व्यवसाय बिना लाईसैन्स के करना नियम के विरूद्ध है। अत: लाईसेन्स शुल्क एवं विभव एंव सम्पत्ति कर नियामानुसार समय पर जमा करने का कष्ट करें। साथ ही समस्त जनपद वासियों से अनुरोध है कि अपने जनपद को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें, सिंगलयूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। कूड़ा डस्टबिन में ही डालें। उत्तराखण्ड के ध ार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनायें रखें तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने में अपना योगदान करें।

(अनिल रावत) अभियन्ता जि0पं0 अल्मोड़ा
(जगदीश प्रसाद) अपर मुख्य अधिकारी जि0पं0 अल्मोड़ा
(कान्ता रावत) उपाध्यक्ष जि0पं0 अल्मोड़ा
(उमा सिंह) अध्यक्ष जि0पं0 अल्मोड़ा

एवं समस्त सम्मानित सदस्यगण एवं जिला पंचायत परिवार अल्मोड़ा।

# रैली निकालकर दिया संदेश

गदरपुर(उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय को साकार करते हुए बालिकाओं द्वारा रैली निकाल कर जन जागरूकता अभियान



चलाया गया। वार्ड नंबर 7 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र द्वितीय की कार्य कर्ती गीता सक्सेना के नेतृत्व में बाल विकास परियोजना के निर्देशों के अनुसार गणतंत्र दिवस पर वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में रैली निकाली गई जिसमें सहायिका किरण बाला एवं बालिकाओं द्वारा जोरदार नारेबाजी एवं तिरंगा झंडा लेकर सहभागिता की गई।

# बच्चों को बांटी गरम जैकेट

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम राजपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हे-मने बच्चों को ठंड से बचाव के लिए गम वस्त्रो का वितरण किया गया आंगनबाड़ी



केंद्र की कार्य कर्ती हरभजन कौर ने बताया कि आंगनबाडी केंद्र में पंजीकृत नो बड़े बच्चों एवं 6 छोटे बच्चों को गर्म जैकेट दिए गए।इस मौके पर सुपरवाइजर नीमा बिष्ट,भोजन माता मीना कौर एवं सावित्री देवी के अलावा बच्चों के माता-पिता सुरेश,पिंकी, मधु ,गायत्री,लक्ष्मी, गीता आदि उपस्थित रहे

# अवैध पेंट फैक्ट्री को बंद करने के निर्देश

## मंडलायुक्त दीपक रावत ने जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय में आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। जनशिकायतों में अधिकांश शिकायतें सडक, बिजली, पानी, भूमि विवाद, के साथ ही अतिक्रमण से सम्बन्धिर्त आइं। जनसुनवाई में आयुक्त ने विभागीय अधि कारियों के साथ ही फरियादियों को तलब कर समस्याओं का मौके पर समाधान किया। जनसुनवाई में मानपुर उत्तर रामबाग सोसाईटी रामपुर रोड निवासियों द्वारा बताया कि उनकी रिहायशी कालोनी में अवैध कामर्शिलय पेंट फैक्ट्री संचालित हो रही है फैक्ट्री को एनजीटी द्वारा रोक लगाई गई। फैक्ट्री का कैमिकल वाटर ग्राउन्ड में जाता है जिससे ग्राउन्ड का जलस्तर भी प्रदूषित हो गया है। जिसके फैक्ट्री के प्रदूषण के कारण आम लोगों को परेशानियों से सामना करना पड रहा है। जिस पर आयुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट एवं प्रदूषण विभाग को जांच कर अवैध फैक्ट्री को बन्द करने के निर्देश दिये साथ ही 15 दिनों के भीतर सामग्री हटाने के भी निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि नहरों व गूलों में



अतिक्रमण के कारण किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने सिंचाई विभाग के महकमे के अधिकारिंयो को निर्देश दिये कि अधिकारी अभियान चलाकर जिन क्षेत्रों में नहरों व गूलों पर अतिक्रमण हुआ है, उन्हें चिन्हिकरण करें अतिक्रमण से मुक्त करायें। आयुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें चलाई जा रही है विभाग उन योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करे ताकि आम जनमानस योजनाओं से लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग द्वारा जनहित में काफी योजनायें चलाई जा रही हैं लेकिन आमजनता को जानकारी न होने के कारण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा मत्स्य पालन हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति जिसके पास अपना निजी तालाब हो अथवा निजी भूमि या पट्टे का की भूमि पर तालाब बनाकर मत्स्य पालन कर स्वरोजगार कर सकता है। जयश्री कालेज अल्मोडा खत्याडी अध्ययनरत 30 छात्र-छात्राओं ने कहा कि डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टैक्नालॉली में दो वर्ष का डिप्लोमा पूर्ण कर फीस 1 लाख 20 हजार के साथ ही अन्य का भुगतान कर दिया है लेकिन जयश्री मेडिकल कालेज का पंजीकरण स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा ना होने के कारण उनक डिप्लोमा मान्य नही है। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने आईपीसी की धाराओं में कार्यवाही के साथ ही धनराशि वापस कराने का अनुरोध किया। जिस पर आयुक्त ने जयश्री कालेज अल्मोडा के प्रबन्धक को 3 फरवरी को जनसुनवाई में तलब किया जायेगा साथ ही बच्चों को समाधान का भरोसा दिया। सरस्वती देवी बनकोट निवासी ने बताया कि 16 दिसम्बर 2023 को ट्राले में जेसीबी ले जाई जा रही थी लेकिन उनके मकान पर जेसीबी का ट्रॅाला पलटने से भवन ध्वस्त हो गया है। उन्होंने आयुक्त ने मुआवजा दिलाने की मांग की। जिस पर आयुक्त ने आरटीओ को जांच कर ट्राला/जेसीबी स्वामी को क्षतिग्रस्त भवन स्वामी को भवन मरम्मत हेतु मुआवजा देने के निर्देश दिये। आवास विकास निवासी जानकी देवी ने बताया कि उनके पति द्वारा सलीम अंसारी को अपना भवन 6 लाख 78 हजार में विक्रय किया। पत्नी द्वारा शिकायत की गई कि सलीम अंसारी द्वारा जो चैक दिये गये वह बाउंस हो गये आतिथि तक उनके द्वारा भुगतान नही किया गया। जिस पर आयुक्त के निर्देशो के क्रम मेंसलीम अंसारी द्वारा 2 लाख की धनराशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करने का अनुरोध किया साथ ही शेष धनराशि का भुगतान तीन माह के भीतर कर दिया जायेगा।

### एक्सपारी डेट के पेंट को नये पैकिंग कर बेचा रहा था

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जनता मिलन में शिकायत आई थी कि रामपुर रोड स्थित रिहायशी क्षेत्र में पेंट फैक्ट्री संचालित हो होने पर आयुक्त द्वारा सायं स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि अवैध रूप से पेंट फैक्ट्री संचालित हो रही थी। उन्होंने पाया कि पुराने पेंट को एक्सपारी डेट के माल को नये पैकिंग कर बेचा रहा था, जो मेटेरियल इस्तेमाल हो रहा था वह बहुत ज्वलनशील था साथ ही एसिड का स्टोरेज भी मिला। फायर डिपाटमेंट से एनओसी नही ली गई साथ ही जीएसटी के बिलों में भी छेडछाड की गई थी। तथा पंजीकरण भी मौके पर फैक्ट्री के स्वामी द्वारा नही दिखाया गया। आयुक्त ने मौके पर फायर एवं जीएसटी विभागों के अधिकारियों को तलब कर फायर विभाग एवं जीएसटी अधिकारियों को तत्काल जांच करने के निर्देश दिये और कहा कि संगीन मामला बनता है तो एफआईआर दर्ज कर मुकदमा चलाया जायेगा। उन्होंने तत्काल रिहायशी इलाके में फैक्ट्री के संचालन को बन्द करने के निर्देश दिये।

## ई-सिगरेट, अवैध तम्बाकू के विरूद्ध छापेमारी के निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने समाज में बढ़ रही कैंसर की बीमारी पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाये, युवाओं को तम्बाकू उपयोग के शारीरिक तथा आर्थिक नुकसान के साथ ही परिवार द्वारा



उठाई जाने वाली परेशानियों के प्रति भी जागरूक किया जाये। उन्होंने जनपद के सभी इण्टर कॉलेजों में वृहद अभियान चलाते हुए चार माह के भीतर प्रत्येक इण्टर कॉलेज में तम्बाकू, मादक पदार्थों के सेवन के साथ ही रोड सैफ्टी के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तम्बाकू फ्री विलेज की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में पंचायतीराज विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ई-सिगरेट, अवैध तम्बाकू आदि के विरूद्ध तेजी से छापेमारी करने के निर्देश दिये। बैठक में कार्यक्रम निदेशक ममता थापा, राज्यकर अधिकारी धीरेन्द्र कुमार भट्ट, सहित समबन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## विकास शर्मा ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 14 भदईपुरा वार्ड नंबर 37 रविन्द्र नगर वार्ड नंबर 11 संजय नगर खेड़ा में जरूरतमंद महिलाओं एवं बुजुर्गों को कंबल वितरित किये। इस दौरान शर्मा ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जारी योजनाओं की जानकारी दी उन्होंने सबको आह्वान किया कि जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बना आयुष्मान कार्ड का लाभ



लें जिनको उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं मिला उज्ज्वला योजना का लाभ ले जिनके पास आवास नहीं है वह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, महामंत्री सुनील ठुकराल, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रजत दीक्षित, नगर मंत्री सुभाष यादव, धर्मेंद्र गंगवार, संदीप बाजवा, संजय हालदार, मलीना विश्वास, प्रियंका, गोविंद शर्मा ,एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, नरेश राठौर, नमिता विश्वासआदि लोग उपस्थित थे।

## वंदेमातरम संस्था ने गांधी पार्क में आयोजित किया विशाल भंडारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 75वां गणतंत्र दिवस वन्देमातरम समाज सेवी ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर गांधी पार्क में ध्वजारोहण ही यह आयोजन सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि वन्देमातरम ग्रुप समाजसेवा के लिए अग्रणी रहा है। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम



के साथ ही गत वर्षों की भांति विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान वन्देमातरम ग्रुप के सस्थापक संजय कुमार ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से जारी रहेंगे। इस अवसर पर सोनू अनेजा, भारत भूषण चुघ,प्रीत ग्रोवर, सुशील गाबा, सोनू वर्मा, योगेश वर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाज सेवी संजय ठुकराल, गौ रक्षा दल, हिन्दू प्रहरी, हिन्दू सेना सहित विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद थे।

## जस्टिस वर्मा आयोग ने मुख्यमंत्री को सौंपी नगर निकायों में ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट

देहरादून(डद संवाददाता)। प्रदेश के नगर निकायों में ओबीसी आरक्षण बढ़ेगा। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने सभी नगर निकायों में मेयर, डिप्टी मेयर, चेयरमैन, पालिकाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष से लेकर पार्षद, सभासद, वार्ड मेंबर तक की सीटों को बढ़ाने की सिफारिश की है। अब सरकार इस रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद आगे बढ़ेगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में जस्टिस (सेनि) बीएस वर्मा के नेतृत्व में आयोग ने अपनी रिपोर्ट सीएम पुष्कर सिंह धामी को सौंपी। इस रिपोर्ट में उन्होंने नौ नगर निगम, 41 नगर पालिका और 45 नगर पंचायतों में मेयर, चेयरमैन, पालिकाध्यक्षों के ओबीसी आरक्षण के हिसाब से सीटें बढ़ाने की सिफारिश की है। नगर निगमों में मेयर का आरक्षण 14 से बढ़कर 18.05 प्रतिशत, नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का आरक्षण 14 से बढ़कर 28.10 और नगर पंचायतों में अध्यक्ष का आरक्षण 14 से बढ़कर 38.97 प्रतिशत हो रहा है। हालांकि, समिति ने सुप्रीम कोर्ट के



निर्देशों के हिसाब से कहीं भी कुल सीटों के मुकाबले आरक्षित सीटों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होने दी है। इस वजह से ओबीसी आरक्षण अधिक होने के बावजूद कई निकायों में सीटें कम दी गई हैं। अहम बात ये है कि नगर निगमों में इस बार मेयर की एक के बजाए दो सीटें ओबीसी के लिए आरक्षित होंगी। नगर पालिकाओं में अध्यक्ष की 16 और नगर पंचायतों में अध्यक्ष की 82 सीटें ओबीसी प्रत्याशियों के लिए आरक्षित करने की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार, नगर निगमों में पार्षद की 82, नगर पालिकाओं में सभासद की 102 और नगर पंचायतों में 54 सीटें वार्ड मेंबर के लिए आरक्षित करने की संस्तुति की गई है। सरकार ने वर्ष 2022 में जस्टिस बीएस वर्मा की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय समर्पित आयोग का गठन किया था। नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी सरकार अब इस रिपोर्ट का अध्ययन करेगी। इसके बाद शहरी विकास विभाग को रिपोर्ट के हिसाब से आरक्षण तय करने के निर्देश देगी। शहरी विकास विभाग आरक्षण रोस्टर तय करेगा। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग को आरक्षण का रिकॉर्ड भेजा जाएगा, जिसके आधार पर आयोग निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करेगा। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सचिव आरके सुध शुं, अपर सचिव एवं निदेशक शहरी विकास नितिन भदौरिया, अपर निदेशक शहरी विकास एलएन मिश्रा, सहायक निदेशक विनोद कुमार और उप निदेशक पंचायती राज मनोज तिवारी भी मौजूद रहे।

## दुष्यंत कुमार गौतम को दोबारा बनाया गया उत्तराखंड भाजपा का प्रदेश प्रभारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी के रूप में दुष्यंत कुमार गौतम को पार्टी हाईकमान ने दोबारा जिमेदारी दी है। पार्टी के राष्टीय महासचिव अरुण सिंह ने इस संबंध में सूची जारी की। उत्तराखंड बीजेपी को लेकर पार्टी हाईकमान ने बड़ा निर्णय लिया है। कुछ दिन पहले लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत वोट हासिल करने की रणनीति पर मंथन करने के लिए पार्टी के 33 प्रमुख दिग्गज राजधानी में जुटे थे। बैठक में हर नेता को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपनी एक कार्ययोजना बताई। बैठक में केंद्र से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम पहुंचे थे। केंद्रीय नेतृत्व ने भी एक रोडमैप भेजा था। उत्तराखंड की परिस्थितियों के अनुरूप इस रोडमैप को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है, इस बारे में सुझाव दिए गए। बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय और प्रांतीय नेताओं के प्रवास कार्यक्रम, बूथ स्तर तक केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से जुड़े कार्यक्रम, समाज के अलग-अलग वर्गों से जुड़ी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की योजना पर भी मंथन किया। गया है।



## प्रयोगात्मक परीक्षा 29 एवं 30 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश अरोरा ने बताया कि व्यक्तिगत बोर्ड परीक्षार्थियों के प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनाँक 1 फरवरी से प्रारम्भ हो रही है। इण्टर ड्राइंग पेन्टिंग की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 एवं 30 जनवरी एवं इण्टर भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 5 फरवरी को होगी। सभी परीक्षार्थी निर्धारित तिथियों से पूर्व विद्यालय गे अवश्य सम्पर्क करें।

# होली चाईल्ड में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड के प्रांगण में 75 वां गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास व देशभक्ति की भावना से मनाया गया। कार्यक्रम का गान के पश्चात् बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के देश भक्ति पर आधारित कविता, संदेश, का पालन करें और अपने आप में अनुशासन अपनाएँ। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संदेश में संविधान के निर्माण व विशेषताओं को संक्षेप में बताया। लेना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के सरपरस्त योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय




शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के जाने माने उद्योगपति व समाज सेवी योगराज बत्रा के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात् सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। राष्ट्रीय गीतों पर नृत्य व देशभक्ति गीत की सुन्दर प्रस्तुति दी। विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में सफल होने के लिए समाज व देश के नियमों उन्होंने कहा कि देशभक्ति को मजबूत करने की जरूरत है और हमें यह विश्वास करने की जरूरत है कि भारत दुनिया का सबसे अच्छा देश है। हमें देश की रक्षा करने व गौरवान्वित करने का संकल्प बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उपप्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी,उपप्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी एवं समस्त शिक्षकों ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# श्री कृष्ण क्लब के शिवा बने अध्यक्ष

रूद्रपुर।श्री कृष्ण क्लब के सदस्यों की एक बैठक में सर्वसम्मति से शिवा चावला को अध्यक्ष चुना गया। सभी ने अध्यक्ष बनने पर शिवा चावला का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। शिवा चावला श्री तुलसी धाम सेवा समिति के सदस्य हैं और लम्बे समय से धार्मिक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहते हैं। उनके सेवाभाव को देखते



हुए उन्हें सर्वसम्मति से श्री कृष्ण क्लब का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर शिवा चावला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उस पर पूरी निष्ठा से कार्य करते हुए धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर टीनू बांगा, सोनू खुराना, हनी बांगा, मनी बांगा, प्रदीप कामरा, चेतन बांगा, इशांत बांगा, सुमित नरूला, हर्षित चावला, वरुण शर्मा, राघव शर्मा, सार्थक खुराना, नीरज बत्रा,आकांक्षा बंगा,राजू गांधी आदि रहे।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस व एस ओ जी टीम ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध रूप से अंग्रेजी शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उमेश कुमार मालिक, प्रभारी निरीक्षक की पुलिस टीम द्वारा भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को चेकिंग के दौरान अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसने बताया गया कि वह गणतंत्र दिवस में शराब की दुकानों के बंद होने का फायदा उठाकर अंग्रेजी शराब की तस्करी कर ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में था। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता रोहित सिंह चौहान पुत्र गोविन्द सिंह चौहान निवासी नवाबी रोड बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से अंग्रेजी व देशी शराब के कुल 11 अध्धे व 270 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर रोहित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि. विजयपाल चौकी भोटिया पड़ाव, हेकानि. संजीत राणा, पुष्कर रौतेला व ललित कुमार शामिल थे।



# उद्योगों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान: सीडीओ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु हर सम्भव सुविधाएं मुहैया कराने हेतु जिला प्रशासन पूर्णत: प्रतिबद्ध है। यह बात प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने शनिवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग मित्र की बैठक लेते हुए कही। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास तथा संरक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा हर सम्भव सुविधाएं प्राथमिकता से मुहैया कराई जायेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि औद्योगिक आस्थानों से सम्बन्धित कार्यों तथा समस्याओं का व्यक्तिगत रूचि लेते हुए प्राथमिकता से समाधान किया जाये। उन्होंने नवीनीकृत हो चुके मैथेनॉल लाईसेन्स तत्काल सम्बन्धित फर्मों को उपलब्ध कराने के निर्देश आबकारी अधिकारी को दिये। उन्होंने सिडकुल परिसर में दुकानों एवं शौचालयों के संचालन से सम्बन्धित कार्यवाही करते हुए 15 फरवरी तक सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ईएसआईसी अस्पताल से सिडकुल पन्तनगर के जोडने के लिए कनैक्टिंग रोड पर तेजी से कार्य कराने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबन्धनक सिडकुल को दिये। उन्होंने एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज के फेज-2 में विद्युत आपूर्ति हेतु नए सब स्टेशन निर्माण की डेडलाइन निर्धारित करते हुए 15 अप्रैल तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने एल्डिको सिडकुल औद्योगिक पार्क सितारगंज में सड़क चौड़ीकरण हेतु शासन में भेजे गए प्रस्ताव की प्रति जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सिडकुल काशीपुर में आन्तरिक सड़क निर्माण कार्य हेतु 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सिडकुल सितारगंज में खाली पड़े प्लॉटों में वृक्ष कटान की वन टाइम परमिशन हेतु वन विभाग को 7 फरवरी तक स्थलीय निरीक्षरण कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने थर्ड पार्टी ऑडिट के सम्बन्ध में शासन से पत्राचार करने के निर्देश जीएम डीआईसी को दिये। उन्होंने सितारगंज में बायोमेडिकल वैस्ट हेतु आवंटित प्लॉट का वन विभाग द्वारा निरीक्षण कर नियमानुसार पेड़ कटान की अनुमति देने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय रूद्रपुर में खोलने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को दिये। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, महा प्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि राजकुमार, एएलसी दीपक कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, केजीसीसीआई से आरके गुप्ता, आरके मिडडा, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिंहा, सहित उद्यमि कुलदीप सिंह, सतपाल सिंह, आरके अग्रवाल, अंकुर पपनैजा आदि उद्यमि उपस्थित थे।



# यूके कान्वेंट इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस एवं वार्षिकोत्सव की धूम

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। प्रीत विहार स्थित यूके कान्वेंट इंटर कॉलेज में 75 वा गणतंत्र दिवस एवं वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के छात्रों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई सुबह स्कूल प्रांगण में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के अध्यक्ष जी सी परगई, प्रबंधक केपी सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती उषा सिंह एवं एच सी परगई ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसअवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य शिक्षा अधिकारी डॉ पी एन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जी सी परगई एवं विद्यालय प्रबंधन के के पी सिंह ने रिबन काटकर एवं दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए सभी अतिथि और अभिभावकों ने तालियो की गुंज से छात्रों का उत्साह वधन किया एवं आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने भाषण द्वारा बच्चों को संविधान के मार्ग पर चलने एवं उनकी गरिमा को बनाएं रखने को कहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर पी एन सिंह , जी सी परगई, दलेर सिंह ,बलराज सिंह, बबलू कुमार उमेश गंगवार ,नाजिया, डोली एवं समस्त स्टाफ सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# भट्ट ने रेल मंत्री से की रामनगर से बांद्रा ट्रेन को सप्ताह में 3 दिन चलने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रामनगर से बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में 3 दिन चलने का अनुरोध किया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को अवगत कराया है कि वर्तमान में रामनगर से बान्द्रा एक्सप्रेस ट्रेन (22975/76) संचालित है, जो कि हफ्ते में एक ही दिन (शुक्रवार) को चलती है, जिसमें अत्यधिक संख्या में यात्री सफर करते है। यात्रियों की संख्या अधिक होने से ट्रेन में काफी भीड भाड रहती है। जिस कारण यात्रियों को काफी असुविधाओं को सामना करना पड़ता है और नियमित समय पर अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। उत्तराखण्ड राज्य के जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर में विश्व विख्यात कॉर्बेट पार्क एवं सुप्रसिद्ध स्थान स्थित है तथा वहां पर पूरे वर्षभर देश-विदेश के सैलानियों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। वर्तमान में जनपद नैनीताल एवं ऊधमसिंहनगर के अत्यधिक संख्या में लोग मुंबई में निवास करते है और वहां पर अपना व्यापार भी करते हैं। ज्यादातर लोग फिल्म जगत से एवं शिक्षा हे मुबई में आते-जाते रहते हैं। जिससे जनपद नैनीताल, ऊधमसिंहनगर एवं प्रदेश के पूर पर्वतीय/तराई क्षेत्र के लोगों का एवं गढ़वाल मण्डल से भी काफी लोगो का रामनगर से मुबई निरन्तर आना-जाना लगा रहता है। यदि रामनगर से बान्द्रा एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन हफ्ते में 3 (तीन) हो जाए तो मुंबई यात्रा करने वाले लोगो को काफी सुविधा मिलने के साथ-साथ अन्य राज्यों से आने बाले पर्यटक भी विश्व विख्यात कॉर्बेट पॉर्क एवं अन्य सुप्रसिद्ध स्थानों का आसानी से स्थलीय भ्रमण कर सकते है। श्री भट्ट ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से अनुरोध किया है कि जनहित में उत्तराखण्ड राज्य के जनपद नैनीताल के रामनगर से बान्द्रा एक्सप्रेस ट्रेन को हफ्ते में 3 (तीन) दिन संचालित किया जाना बेहद आवश्यक है।



# मेटलमैन माइक्रो टर्नर कंपनी में रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल के सेक्टर 9 स्थित मेटलमैन माइक्रो टर्नर कंपनी में प्रबंधक निदेशक नवनीत जयरथ के 74वें जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । मेटलमैन माइक्रो टर्नर एवं जवाहरलाल नेहरू जिला अस्पताल रुद्रपुर के सौजन्य से शिविर का सफल आयोजन हुआ । जिसमें मेटलमैंन माइक्रो टर्नर के 70 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के दौरान कंपनी के निर्देशक निशांत जयरथ ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाता है और हमारे समुदाय को सुरक्षित बनता है। कंपनी के प्लांट हेड संजय सिंह एवं सीओओ एस जी मूंदड़ा ने रक्तदान करने वाले सभी कर्मचारियों तथा अस्पताल के सभी उपस्थित स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एचआर हेड संजय राय, वंदना सिंह, केशर ,आदित्य, नीरज, सौरभ, अखिलेश अग्रवाल ,मुकेश सिंह ,सुमित, बलिंदर, संगम सिंह, जगदीप, लाल मोहम्मद, कमलकांत प्रदीप पांडे, अंतिम वाजपेई ,आदित्य पाल ,गुड्डू पाल अन्य लोग उपस्थित थे।



# चेक बाउंस मामले में महिला को तीन माह का कारावास

काशीपुर( उद संवाददाता)। एसीजे द्वितीय के न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में दोषी महिला को तीन माह के कारावास व 4 लाख 40 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। गांव गंगापुर निवासी सुरेंद्र ग्रोवर पुत्र हरभगवान दास ने अधिवक्ता प्रयाग दर्शन रावत के माध्यम से एसीजे द्वितीय के न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था। जिसमें कहा कि उसने फरवरी 2019 में खड़कपुर देवीपुरा निवासी प्रीत कौर को चार लाख रुपये उधार दिए थे। उसने दिसंबर 2019 तक उधार रकम लौटाने का वायदा किया था। बावजूद इसके उसने रुपये नहीं लौटाए। तकादा करने पर आरोपी प्रीत कौर ने उसे 10 फरवरी 2020 को एक चेक इलाहाबाद बैंक शाखा काशीपुर का दिया। जब उसने अपने बैंक शाखा में चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। न्यायालय ने आरोपी को 138 एनआई एक्ट के तहत तलब किया। दोनों पक्ष को सुनने और साक्ष्यों का परिशीलन करने के बाद एसीजे द्वितीय की अदालत ने दोषी प्रीत कौर को तीन माह कारावास व 4 लाख 40 हजार जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर दो माह अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# कूटनीति और संवाद

इसमें कोई दो राय नहीं कि मौजूदा विश्व में भारत को अब एक ऐसी शक्ति के रूप में देखा जाने लगा है जो अंतरराष्ट्रीय पटल पर खड़ी होने वाली समस्याओं का हल निकालने में एक अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर सहयोग और समाधान के मकसद से बनाए गए कई समूहों के सम्मेलनों में मजबूत उपस्थिति से लेकर जी20 का नेतृत्व करने और उसके जरिए एक व्यापक दृष्टि सामने रखने के रूप में दुनिया भर के देशों ने भारत की स्पष्टता देखी है। यही वजह है कि अब भू-राजनीतिक स्तर पर खड़ी होने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर भी भारत से उम्मीद की जाती है। अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि खुद संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी भारत को इस मामले में एक महत्त्वपूर्ण देश के रूप में देखा जा रहा है। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत को इस विश्व निकाय का अहम सदस्य बताया। उन्होंने कहा कि वे भारत को मिसाल पेश करते हुए नेतृत्व करते रहने, संवाद और कूटनीति के जरिए स्थायी शांति का रास्ता निकालने के अपने सैद्धांतिक रुख को कायम रखने और दुनिया भर में विभाजनों को भरने के मकसद से काम करने के लिए कहेंगे।जाहिर है, पिछले कुछ वर्षों से विश्व भर में अलग-अलग मोर्चों पर जिस तरह की जटिलताएं और मुश्किलें खड़ी हुई हैं, कई स्तर पर खेमों के रूप में देशों के समूह बन रहे हैं,उनमें खाई बढ़ रही है, उसमें किसी ऐसी कड़ी की जरूरत साफ दिखती है, जिसकी स्वीकार्यता आम हो और वह हल का रास्ता तैयार करने में मददगार साबित हो। यह छिपा नहीं है कि पिछले कुछ समय से ऐसी स्थितियों में भारत ने कूटनीतिक मोर्चे पर कई बार अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज की है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के अलावा इजराइल और हमास की जंग के संदर्भ में भी भारत ने किसी पक्ष में खड़ा होने के बजाय मानवीयता के हक में न्याय और औचित्य को अपने रुख की कसौटी बनाया। युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, इस सूत्रवाक्य के साथ भारत ने शांति और संवाद को ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का हल बताया है। संयुक्त राष्ट्र के ढांचे के भीतर भी भारत ने हर संवेदनशील मसलों पर अपना स्पष्ट रुख कायम रखा और कूटनीति और संवाद के जरिए एक बेहतर विश्व बनाने की व्यापक दृष्टि के साथ हस्तक्षेप किया। यह सही है कि राजनीतिक और आर्थिक रूप से तेज उथल-पुथल के दौर में अलग-अलग देशों के बीच जिस तरह के विभाजन खड़े हो रहे हैं, उसके रहते वैश्विक शांति और सद्भाव कायम करना संभव नहीं होगा। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकाय और उसके तहत स्पष्टता के साथ नीतिगत फैसला लेकर ठोस पहल की जरूरत महसूस की जा रही है। कूटनीतिक मोर्चे से लेकर सतत विकास के मामले में ठोस योजनाओं के साथ अपने अनुभवों और बेहतर तौर-तरीकों के जरिए विभिन्न देशों के साथ सहयोग और संवाद कायम करने के मामले में भारत की अहमियत अब सभी समझते हैं। यह बेवजह नहीं है कि राजनयिक स्तर पर संवाद, कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ ही मानवाधिकारों से संबंधित कानूनों को बरकरार रखते हुए दुनिया भर में शांति लाने के प्रयासों में भारत से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद की जाने लगी है। गौरतलब है कि बीते वर्ष सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित जी20 सम्मेलन के समय भी संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भरोसा जताया था कि भारत यह सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विभाजन मिट सके।

# उत्तराखंड के डिजाईन वस्त्रों की विशिष्ट पहचान : सीएम

## स्टेट हैंडलूम एक्सपो में शिल्पियों, बुनकरों एवं लघु उद्यमियों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल मैदान में आयोजित स्टेट हैंडलूम एक्सपो में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक्सपो में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर शिल्पियों, बुनकरों एवं लघु उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दस लोगों को उत्तराखण्ड शिल्प रत्न पुरस्कार भी प्रदान किए। इसके तहत 1 लाख की धनराशि, प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टेट हैंडलूम एक्सपो अपने-आप में विशिष्ट है और इसका स्वरूप एक मेले जैसा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्टेट हैंडलूम एक्सपो के माध्यम से व्यापारियों, कलाकारों, कारीगरों आदि को अपने अनुभवों को साझा करने में भी सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य में 4 लाख 22 हजार परिवारों को संगठित कर 56 हजार 362 समूह तथा 5 हजार 718 ग्राम संगठन तैयार



किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अपने वस्त्रों की विशिष्ट पहचान है हमारे डिजाइनों की बहुत मांग है और यह मांग देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां की टोपी को आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने जब से पहना है वो पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे हैंडलूम में यहां के प्रतीक चिन्ह एवं संस्कृति के समावेश किए जाएं तो यह निश्चित ही देश-दुनिया में लोकप्रियता और पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि हाल में ही उत्तराखण्ड ने राज्य में उत्पादित व निर्मित 9 हस्तशिल्प उत्पादों को जीआई टैग मिला है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी जब लगभग दो वर्ष पहले वाइब्रेंट विलेज के तहत माणा प्रवास पर आए थे तब उनके द्वारा उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों के लिए ब्रांड बनाने का सुझाव दिया गया था। उस पर अमल करते हुए हमारी सरकार ने हाउस ऑफ हिमालयाज नाम से अम्ब्रेला ब्रांड शुरू किया है। इस अवसर पर विधायक राजपुर रोड श्री खजान दास, राज्य स्तरीय महिला उद्यमी परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती विनोद उनियाल , सचिव उद्योग श्री विनय शंकर पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना किसानों के प्रतिनिधिमण्डलों ने जताया आभार

देहरादून(उद संवाददाता)। आज मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के नेतृत्व में हरिद्वार के किसानों के प्रतिनिधि मण्डलों ने मुख्य सेवक सदन में भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमण्डल ने वर्ष 2023-24 के लिए राज्य में गन्ना मूल्य में 20 रूपये प्रति क्विंटल वृद्धि करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 2023-24 के लिए गन्ने की अगेती प्रजाति का मूल्य 375 रूपये प्रति क्विंटल और सामान्य प्रजाति का मूल्य 365 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का लाभ दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी तेजी से कार्य हुए हैं। राज्य में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा के हरिद्वार जिलाध्यक्ष श्री संदीप गोयल, रूड़की जिलाध्यक्ष श्री शोभाराम प्रजापति, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री जोगेन्द्र पुण्डीर, गन्ना विकास सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष श्री श्यामवीर सैनी एवं किसानों के प्रतिनिधिमण्डल उपस्थित रहे।





# भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

500 सालों की कड़ी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या मे रामलला इस अदभुतअपने दिव्य,भव्य,नव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अपने दिव्य बाल स्वरूप मे सुशोभित हो गए अपने-अपने



क्षेत्र की अनेक दिग्गज हस्तियो ने अपनी संस्कृति, नृत्य, वादन की अदभुत स्वर लहरियो व कला के संगम के मध्य इस अदभुत, आलौकिक, अकल्पनीय ऐतिहासिक पलो मे उल्लास, उत्साह, उमंग के साथ साक्षी बने जैसे ही भक्तो ने उस दिव्य मनोहारी बाल छवि के साकार दर्शन किये सबके नेत्र सजल हो गये प्रभु का मुख शरद पूर्णिमा के समान सुंदर कमल की पंखुड़ियों के समान विशाल सुंदर नेत्र सुंदर नासिका व होठ, बाल सुलभ मुस्कान,हंसी ऐसी की चद्रंमाँ की किरणावली व हजारों कामदेव की सुंदरता लजा जाये जैसे ही भक्तो ने अपने श्याम वर्ण बालक राम प्रभु के सुंदर दर्शन किये उनके नेत्र सजल हो उठे भक्तो का हदय अपने प्रियतम की मनोहारी चितवन की एक झलक पाकर उनका हदय दिव्य आलौकिक प्रकाश से भर गया। अपने प्रभुराम की मंदिर मे प्राणप्रतिष्ठा की खुशी मे सम्पूर्ण देश विदेशो मे प्रभात फेरी, सफाई कार्यक्रम, लंगर प्रसाद, सुंदरकांड पाठ, रामलीला मंचन, शोभायात्राये,भजनकीर्तन,का आयोजन, आतिशबाजी कर महादीपावली मनायी गयी। तथा समस्त समाज को एकत्र करने का प्रयास किया गया प्रभु राम का जीवन हमेशा समरसता का संदेश देता है वह समाज के अपेक्षित वर्गो के लोगो व पशु -पक्षियों ,जन्तुओ भी ध्यान रखते है राम इतने सरल है कि वह हर जगह सबके साथ खड़े हो जाते है दु:ख मे -हे राम,पीड़ा में -अरे राम, अभिवादन में -राम राम शपथ मे -राम कसम, अज्ञानतामे-राम जाने,लज्जा मे -हेरामराम, अचूकता मे-रामबाण, सुशासन मे- राम राज्य और मृत्यु मे -राम नाम सत्य,समस्त निमाणो व निर्बल के बल राम बन जाते है भारतीय संस्कृति के मुल्यो मे राम ही वर्तमान आदि और अन्नत है, हर पर्व आकर परम्पराओं मे समाहित है। तुलसी दासकृत 'राम चरित्र मानस' में राम को ब्रहमाण्ड नायक के रूप मे दर्शाया गया है जिसने सदियो से समाज से राम को जोड़ने की कोशिश की।राम शक्ति, शील, सौंदर्य, करूणा, दया, ममता, मर्यादा, न्याय, सत्य, सदाचार व धर्म के अवतार है रमन्ते यस्मिन इति राम:जिसमे रम जाया जाये वही राम है। राम राज बैठे त्रैलोका हरषित भये गये सब शोका श्श भारतवर्ष मे भगवान राम के भव्यमंदिर मे सुशोभित होने से देश मे भी खुशहाली आयेगी व पर्यटन व तीर्थाटन को भी बढाध्वा मिलेगा व रोजगार बढ़ेगा व भारत विकसित राष्ट्र की और एक और कदम आगे बढ़ायेगा व पुन: विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर होगा व फिर से भारत सोने की चिड़िया कहलायेगा।।

**-नरेश छाबड़ा ,रूद्रपुर**

# जलवायु परिवर्तन पर अगर अब भी नही चेते तो पृथ्वी विनाश की ओर जाएगी: आचार्य प्रशांत

नोएडा। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन पर 2015', पेरिस में विश्व के '782 शीर्ष वैज्ञानिकों ने','66,000 रिसर्च पेपरों' पर शोध करके, 2000 पन्नों की "क्लाइमेट चेंज" पर एक रिपोर्ट बनाई थी तब '196 देशों के शीर्ष राजनेता एकत्रित हुए,' कई करार हुए, आश्वासन दिया कि हम इस भयावह आपदा पर समय रहते विजय प्राप्त कर लेंगे। 'लेकिन आज हालात कैसे हैं?' कुछ दिनों पहले, वैज्ञानिकों ने बताया, "पिछले वर्ष पृथ्वी का औसत तापमान '1.48 डिग्री' से बढ़ गया है, कुछ दिनों के लिए 2 डिग्री से भी अधिक रहा!" जो सीमा वर्ष '2100' तक नहीं पार होनी चाहिए थी, उसको हमने '2023' में ही पार कर दिया, और निश्चित है कि 2024' में स्थिति और बिगड़ेंगी।उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज का विज्ञान समझिए:' औद्योगिक क्रांति की शुरुआत हुई 18वीं सदी में। ये क्रांति जिन मशीनों से आई उनका ईंधन बना कोयला व तेल। जो सब काम हाथों से होता था, वो मशीनों से होने लगा। रोटी, कपड़ा, मकान, सुख-सुविधएँ – हर चीज का भारी उत्पादन शुरू हो



गया। साथ में, कोयले और तेल के जलने से बन रही थीं वो गैसें, जो पर्यावरण का तापमान बढ़ाती हैं। और 18वीं सदी से लगातार इन गैसों की मात्रा भयानक रूप से बढ़ रही है। तो पृथ्वी का औसत तापमान भी बढ़ता जा रहा है। जब औद्योगिक क्रांति की शुरुआत हुई थी तब पृथ्वी पर '77 करोड़' लोग थे।और 'अब 2024 में?' लगभग '800 करोड़!' और अनुमान है 2050 तक '1000 करोड़' हो जाएँगे।अब मास-प्रोडक्शन, बढ़ती जनसंख्या, और हमारी बेहोशी के इस मिश्रण में विज्ञापनदाताओं ने लगाया है लालच का तड़का। अब हम आवेश में आकर वो चीजें भी खघ्रीद लेते हैं जिसकी हमें जरूरत भी नहीं। और हम जैसे 800 करोड़ हैं! यही है उपभोक्तावाद का खेल,' जिसके चलते हमने प्रकृति को जमकर तबाह किया और अब जैसे हालात बन रहे हैं प्रकृति भी हमें माफ नहीं करेगी। असम, हिमाचल में आई भारी बाढ़, फसल खराब होने की वजह से सब्जियों व फलों के बढ़ते दाम उत्तर भारत की भीषण गर्मी और जहरीली हवा, तमिलनाडु में पहली बार शून्य के नीचे पहुँचता पारा, कश्मीर में बिना बर्फबारी-बारिश की सर्दी के चलते पानी की किल्लत। जो काम न मीडिया कर रहा है, न स्कूल-कॉलेज कर रहे हैं, न सरकारें कर रही हैं, वो काम करने को आचार्य प्रशांत की संस्था प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन कर रही है ।

# भू-कानून से संबंधित प्रारूप समिति ने जिलाधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में भू-कानून से संबंधित प्रारूप समिति की बैठक आयोजित की गई। । एसीएस ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि पिछले 10 सालों में जिला स्तर से कृषि उद्यान हेतु अनुमति प्राप्त भूमि की जानकारी शीघ्र राजस्व विभाग को दी जाए। ।एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित भू कानून को लेकर सरकार का मुख्य उद्देश्य उत्तराखण्ड के मूल निवासियों के हितों का संरक्षण तथा उन्हें न्याय दिलाना है। इस कानून का लक्ष्य उत्तराखण्ड में निवेश व रोजगार सृजित करने वाले विश्वसनीय निवेशकों को प्रोत्साहित करना है। एसीएस ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों में अस्थायी रूप से कृषि एवं हॉर्टिकल्चर के लिए भूमि की अनुमति पर रोक से संबंधित कानून के संबंध में फैली विभिन्न भ्रान्तियों या संशयों को विभिन्न माध्यमों से तत्काल दूर किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि अस्थायी रूप से कृषि एवं उद्यान के लिए भूमि की अनुमति पर रोक लगाने का उद्देश्य, भूमि के



दुरूपयोग को रोकना, भू कानून को और भी अधिक तर्कसंगत एवं न्यायपूर्ण बनाना है। बैठक में डीजीपी श्री अभिनव कुमार, सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुन्दरम, डॉ. विनय शंकर पाण्डेय, श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, वर्चुअल माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी उपस्थित थे। वहीं अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने आज सचिवालय में उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ के गठन की औपचारिकताओं को पूरा करने के संबंध में बैठक ली। ।ैने अधिकारियों को उत्तराखण्ड प्रवासी प्रकोष्ठ की वेबवाइट अगले 15 दिन में तैयार करने की डेडलाइन दी है। अपर मुख्य सचिव ने देश और दुनियाभर में रह रहे उत्तराखण्ड मूल के लोगों का सटीक डाटा बेस प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं। एसीएस ने जानकारी दी कि जल्द ही मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप राज्य में प्रत्येक वर्ष प्रवासी उत्तराखण्ड दिवस मनाने की परंपरा शुरू की जाएगी। एसीएस ने प्रकोष्ठ के गठन के लिए अन्य राज्यों के प्रवासी सेल के तुलनात्मक अध्ययन के बाद उत्तराखण्ड के लिए एक ठोस एक्शन प्लान बनाने व फोकस एरिया तय करने के निर्देश दिए।एसीएस ने निर्देश दिए कि प्रवासियों के भूमि संबंधित एवं अन्य मुद्दों व शिकायतों के निवारण के लिए भी व्यवस्था की जाए। बैठक में सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुन्दरम, श्री विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक सिडकुल श्री रोहित मीणा, सदस्य श्री सुधीर नौटियाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नागरिक प्रशासन एवं सशस्त्र बलों का समन्वय जरूरी: राज्यपाल





देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 30वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। 30वें संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर की 26 विभिन्न सेवाओं और संस्थाओं के 57 वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया है जिनमें 7 महिला अधिकारी भी शामिल रहीं। समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए नागरिक प्रशासन एवं सशस्त्र बलों का समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें हर स्तर पर संयुक्तता और समन्वय को बढ़ावा देना चाहिए, एकजुटता व एकता हमारे सबसे बड़े संसाधन हैं। राज्यपाल ने कहा कि इसके लिए हमें समन्वय और सहयोग के विभिन्न आयामों के साथ नागरिक-सैन्य सहयोग के सुसंगठित संस्थागत ढ़ाचे को सुदृढ़ बनाना होगा। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे बेहद महत्वपूर्ण विषय के लिए सशस्त्र बलों की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है कि हम इसके लिए प्रतिबद्ध रहें। राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक के अंदर राष्ट्र प्रथम की भावना होना जरूरी है और देश का प्रत्येक नागरिक अपने आप में एक सैनिक है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि राष्ट्रहित और जनहित में किए जाने वाले कठोर निर्णय लेते हुए हमें हिचकिचाना नहीं चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सुरक्षा के हमें तकनीकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह समय सोच, विचार और धारणा को बदलने का समय है। हमनें अब राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया है, आज भारत सभी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। राज्यपाल ने कहा कि यदि देश का हर एक नागरिक आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर अपने कर्तव्यों का पालन करें तो राष्ट्र का भविष्य स्वर्णिम होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन के लिए सिविल सेवा और सशस्त्र बलों के साथ चिंतन, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारी एकता और संयुक्तता की भावना को राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ एक सर्वव्यापी तत्व के रूप में जोड़ते हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि प्रशासन अकादमी में संयुक्त नागरिक-सैन्य प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम नागरिक-सैन्य एकीकरण की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में समन्वय और सहयोगी की समझ विकसित करने में सिविल सेवकों तथा सशस्त्र बलों के अधिकारियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्रियाकलापों में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम में अकादमी के निदेशक श्रीराम तरणिकांति, संयुक्त निदेशक सौजन्या, कोर्स समन्वयक डॉ. अनुपम तलवार सहित विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल क्लब सभागार में शनिवार को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एनएचएम की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा के अलावा एनएचएम में चल रहे निर्माण कार्य पर चर्चा की गई। उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, राष्ट्रीय किशोर कार्यकम,कायाकल्प कार्यकम,आयुष्मान कार्ड, अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना की विस्तृत जानकारी ली। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यकम के तहत स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम तहत 10 से 19 वर्ष के बालक बालिकाओं का शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य, पीयर एज्युकेटर और काउंसलरों के माध्यम से गुणवत्ता परक किशोरों को सलाह दी जाती है। उन्होंने ने गमीण मातृ मृत्यु दर को कम करना, नवजात मृत्यु दर कम करना, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर कम करना और कुल प्रजनन दर स्थिर रखने की बात कही। कहा कि गमीण इलाकों स्वास्थ्य विभाग की टीम आयुष्मान कार्ड, गोल्डन कार्य की जानकारी लिए लोगों को जागरुक करने की बात कही।उन्होंने टीबी मुक्त और नशा मुक्ति अभियान के लिए ब्लाकों में शिविर लगाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जिले में 104 डाक्टरों की कमी है, जिसके लिए सरकार प्रयासरत है। साथ ही 1000 टेक्नीशियन की नियुक्ति प्रकिया जारी है। उन्होंने डाक्टरों से सीमित साधनों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए।



## 16 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने में जुटी आशा यूनियन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन संबद्ध ऐक्टू की राज्य कार्यकारिणी की बैठक ऐक्टू कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में आगामी16 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल को सफल बनाने, यूनियन की सदस्यता नवीनीकरण, सभी जिलों में सम्मेलन करते हुए राज्य सम्मेलन करने के एजेंडे आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ऐक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि आज आशाओं और अन्य महिला स्कीम वर्कर्स को लगातार उपेक्षा का शिकार होना पड़ा है। काम का बोझ बढ़ाना, वेतन के बिना काम कराना और आशाओं के बजट में कटौती करना इस सरकार की पहचान बन गई है। न्यूनतम वेतन जैसी बुनियादी कानूनी व्यवस्था से भी इस सरकार ने आशाओं को वंचित किया हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा ने संयुक्त रूप से आगामी 16 फरवरी को केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी विनाशकारी नीतियों के खिलाफ औद्योगिक क्षेत्रीय हड़ताल और ग्रामीण बंद के साथ-साथ बड़े पैमाने पर देशव्यापी लामबंदी का आह्वान किया है। इसका हम समर्थन करते हैं। बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने और संचालन महामंत्री डा कैलाश पाण्डेय ने किया। मीटिंग में मीना आर्य, ममता पानू, कुलविंदर कौर, ललित मटियाली आदि शामिल रहे।



## पेज एक का शेष...

**बिहार में गिरी गठबंधन..**मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री आवास पर नीतीश कुमार की अध्यक्षता में एनडीए विधानमंडल दल की बैठक हुई। जिसमें नीतीश कुमार एनडीए विधानमंडल दल के नेता चुने गएं। बैठक के बाद नीतीश कुमार ने सहयोगियों और भाजपा नेताओं के साथ राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने समर्थन पत्र स्वीकार कर लिया है। आज शाम को ही नीतीश कुमार एक बार फिर सीएम पद की शपथ लेंगे, जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बिहार के राजनीतिक समीकरण की बात करें तो बीजेपी के पास विधानसभा की 78 सीटें हैं जबकि जेडीयू के पास 45 विधायक हैं। वहीं एनडीए की सहयोगी पार्टी के पास 4 विधायक हैं। अगर इन सबको जोड़ दें ते ये आकंड़ा 127 का होता है जो बहुमत से 5 ज्यादा है।

**मूल निवास स्वाभिमान...**की सीमा लागू हो, ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे, गैर कृषक की ओर से कृषि भूमि खरीदने पर रोक लगे, पर्वतीय क्षेत्र में गैर पर्वतीय मूल के निवासियों के भूमि खरीदने पर तत्काल रोक लगे, राज्य गठन के बाद से वर्तमान तिथि तक सरकार की ओर से विभिन्न व्यक्तियों, संस्थानों, कंपनियों आदि को दान या लीज पर दी गई भूमि का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए, प्रदेश में विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र में लगने वाले उद्यमों, परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण या खरीदने की अनिवार्यता है या भविष्य में होगी, उन सभी में स्थानीय निवासी का 25 प्रतिशत और जिले के मूल निवासी का 25 प्रतिशत हिस्सा सुनिश्चित किया जाए, तथा ऐसे सभी उद्यमों में 80 प्रतिशत रोजगार स्थानीय व्यक्ति को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों का उचित समाधान नहीं किया गया तो आन्दोलन तेज करने को बाध्य होनी पड़ेगा जिसकी जिम्मेवारी प्रदेश साकार की होगी। महारैली बुद्धपार्क से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी।

**वन विभाग ने बाघ को..**कर्मियो की चार टीमों को गठित कर बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। बाघ की लगातार मोनिटरिंग वन कर्मियों द्वारा की जा रही थी। शनिवार सुबह बुजुर्ग पर हमला करने के बाद बाघ ने देर रात एक मवेशी को भी अपना निवाला बनाया था। बाघ के आतंक को देखते हुए 24 घंटे के भीतर ही देर रात 3बजे बाघ को चुकुम गांव से ट्रेकुलाइज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बाघ की उम्र लगभग तीन साल की है,बाघ को रेस्क्यू के लिए ढेला सेंटर भेजा गया है। जहां बाघ के ब्लड सैंपल लेकर सीसीएमबी हैदराबाद जांच के लिए भेज दिए हैं। जांच से यह भी साफ हो जाएगा कि उक्त बाघ ने बुजुर्ग को निवाला बनाया था या नहीं। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाघ को सफलता पूर्वक रेस्क्यू करने पर डीएफओ ने अपनी टीम के रेंजर शेखर तिवारी , वन दरोगा वीरेंद्र पांडे,दिगपाल नेगी आदि वन कर्मियों को बधाई दी।

**दोहरे हत्याकांड का...**खंगाले हैं। सर्विलांस के जरिये भी कई अहम जानकारियां जुटाई गयी। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। बताया जाता है कि मामले में पीलीभीत के तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिसका खुलासा आज शाम एसएसपी मंजूनाथ टिसी झनकईया थाने में करेंगे। सूत्रों के मुताबिक हत्याकाण्ड को रंजिश के चलते अंजाम दिया गया था।

**अवैध रूप से चल रहे...**क्षेत्र में अवैध तरीके से क्लीनिक चल रहे हैं जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। दोनों क्लीनिक पर छापेमारी की गई जहां पर संचालक के पास क्लीनिक चलाने से जुड़े कोई भी दस्तावेज मौके पर नहीं मिले। नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए दोनों क्लीनिकों को सील कर दिया गया है उन्होंने कहा अवैध रूप से क्लीनिक या मेडिकल स्टोर चलाने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाएगी

**एलायंस कालोनी में ...**हिरासत में ले लिया। फिलहाल किसी भी पक्ष ने मामले में तहरीर नहीं दी है। मामला रसूखदार परिवारों से जुड़ा होने के चलते शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं मामले में पुलिस दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जाने तक एलायंस कालोनी में ही पुलिस की मध्यस्थता में पंचायत चल रही थी।

## पुलिस की लापरवाही के कारण नन्हे की हुई मौत : भुवन कापड़ी

खटीमा। खटीमा में सेवादार नन्हे की संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में विधायक भुवन कापड़ी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नन्हे को सुरक्षा देने में पुलिस की ओर से बरती गई लापरवाही के कारण उसकी मौत हुई। कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए विधायक कापड़ी ने कहा कि चार जनवरी की मध्यरात्रि भारामल मंदिर में महंत श्रीहरिगिरि महाराज और सेवादार रूप सिंह बिष्ट की नृशंस हत्या के बाद अब उस हमले में जिंदा बचे सेवादार चश्मदीद नन्हे की भी संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दोहरे हत्याकांड को तीन सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन हत्यारे अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि नन्हे इस दोहरे हत्याकांड के खुलासे में महत्वपूर्ण कड़ी था, लेकिन पुलिस उसकी सुरक्षा नहीं कर सकी। उसको सुरक्षा देने में बड़ी चूक हुई। घटना के दिन नन्हे की सुरक्षा व्यवस्था में निर्वाण आश्रम में एक भी पुलिस कर्मी नहीं था। उन्होंने कहा कि जब संतों का जीवन सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा की किसे चिंता है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

## निजी स्कूल स्वामी के चालक से मारपीट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक निजी स्कूल के स्वामी को धमकाने का मामला सामने आया है। इस मामले में स्कूल के एमडी के चालक की ओर से पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजाद नगर हल्द्वानी निवासी सैफ अली पुत्र महफूज रहमान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बियारशिवा स्कूल के स्वामी तिलक राज तलवार का निजी चालक है। 19 जनवरी की दोपहर को वह अपनी बाइक पर सवार होकर लंच के लिए जा रहा था तभी एक वह फार्च्यूनर कार संख्या यूके04एएल ने उसकी बाइक के आगे कार लगा दी। कार से उतरने के बाद उक्त व्यक्ति ने उसे अपना नंबर नोट कराते हुए कहा कि वह तिलक तलवार की हर गतिविधि की सूचना उसे देगा। जब उसने सूचना देने से मना किया तो उसने अपने कुछ साथियों को मौके पर बुला लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उक्त उसे जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। पीड़ित ने मामले में किसी अनहोनी की घटना की आशंका जताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की माग की है।

## कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

खटीमा (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 102 वां एपिसोड भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ पर सुना। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाले मन की बात कार्यक्रम को



लेकर कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। मन की बात कार्यक्रम को सुनने वालों में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर मंडल महामंत्री मनोज वाधवा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, एससी मोर्चा के नगर अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, कमलजीत चौहान, तरूण तिवारी, रोहित वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, ललित तिवारी, अशोक दास उपस्थित थे।

## कैंटर चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग

हल्द्वानी। दुर्घटना के आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ कार्रवाई की माग को लेकर पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबेडर नगर वार्ड 27 निवासी मनोज कुमार पुत्र स्व. ओम प्रकाश ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि 23 जनवरी को उसका साला संजय कुमार अपने मित्र के साथ सूरज कुमार के साथ अपनी बड़ी बहन को देखने के लिए एसटीएच जा रहे थे। जब वह सरगम सिनेमा के पास पहुंचे थे तभी कैंटर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे संजय को कुचल दिया। उसे उपचार के लिए एसटीएच लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जिला पंचायत बोर्ड की बैठक कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक कल 29 जनवरी को प्रात: 11 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित होगी। जानकारी देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने बताया कि बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होगी। बैठक में बोर्ड कसदस्यों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जो 'कोई मुख्यमंत्री' नहीं कर पाया, वह 'धामी' ने 'कर दिखवाया'

## धामी सरकार के गुड गवर्नेंस का उत्कृष्ट नमूना, राज्य निर्माण के बाद पहली बार घाटे से उबरा उत्तराखंड परिवहन निगम, मुख्यमंत्री ने निगम के प्रबंध निदेशक एवं सचिव को किया सम्मानित

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड निर्माण के बाद सूबे में अब तक सत्तारूढ़ हुई तमाम सरकारों के मुख्यमंत्री जो काम नहीं कर पाए, युवा जोश से लबरेज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वह असंभव- सा कार्य महज ढाई साल के अंदर ही पूरा करके; अपनी सूझबूझ, प्रशासनिक क्षमता एवं गुड गवर्नेंस का लोहा मनवा दिया। स्मरणीय है कि उत्तराखंड राज्य बनने के करीब तीन साल बाद, यानी 2003 में उत्तराखंड परिवहन निगम उत्तरप्रदेश से अलग होकर अस्तित्व में आया था और यूपी एवं नवगठित राज्य के मध्य तत्कालीन उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की परिसंपत्तियों का बंटवारा हुआ था। परिणाम स्वरूप उत्तराखंड परिवहन निगम के हिस्से तकरीबन 957 नई-पुरानी बसें आईं और नए राज्य में जैसे तैसे नए सिरे से सरकारी बसों का का संचालन आरंभ हुआ। मगर उत्तराखंड के हिस्से में आई खटारा बसें, खराब सड़कें, कुप्रबंधन और यूपी की देनदारी से परिवहन निगम लगातार घाटे के दलदल में धसता में चला गया



।नतीजतन हालात कुछ ऐसे बन पड़े की परिवहन निगम के सामने नई बसों की खरीद, संचालन और कर्मचारियों को वेतन देने तक के लाले पड़ गए।उस पर मार्च 2020-21 में तो कोरोना संक्रमण काल ने निगम की कमर ही तोड़ कर रख दी। कोरोना काल में निगम का घाटा, जो कि 2020 से पहले 250 करोड़ रुपया था, से बढ़कर 2022 तक सीधे 520 करोड़ तक पहुंच गया और निगम की हालत लगातार खराब होती गई। इसी बीच राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकार की कमान संभाली और सभी विभागों को गुड गवर्नेंस के साथ काम करने का मंत्र दिया। साथ ही साथ ,उन्होंने भरी घाटे में चल रहे उत्तराखंड परिवहन निगम पर खास फोकस किया और समय-समय पर निगम के क्रियाकलापों की समीक्षा करते रहे और आवश्यकता अनुसार योग्य व्यक्तियों को विभाग केअहम कार्यों की जिम्मेदारी सौंपते चले गए। जिसका नतीजा यह हुआ कि उत्तराखंड परिवहन निगम ने धामी सरकार के ढाई साल में न केवल 20 साल के घाटे को मात दी, बल्कि रिकॉर्ड 56 करोड़ का मुनाफा कमाकर रोडवेज की बसों को नई रफ्तार भी दी हैं। बताना होगा कि 2022 में परिवहन निगम ने 520 करोड़ के घाटे और सभी खर्चों को पूरा कर रिकॉर्ड 29 करोड़ का मुनाफा कमाया ।निगम की यह रफ्तार यहीं नहीं थमी और धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी निगम ने करीब 27 करोड़ का मुनाफा कमाते हुए राज्य में गुड गवर्नेंस का बड़ा उदाहरण पेश कर दिखाया। इस तरह धामी सरकार के ढाई साल में निगम ने सभी खर्चों की पूर्ति कर करीब 56 करोड़ की कमाई की है, जो उत्तराखंड के प्रशासनिक क्षेत्र में एक बड़ा माइलस्टोन है ।लिहाजा अब यह माना जा रहा है कि निगम की इस सफलता से राज्य के दूसरे विभाग को भी प्रेरणा मिलेंगी और वो भी गुड गवर्नेंस एक नई नजीर पेश करेंगे ।परिवहन निगम की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने गुजरे दिनों सचिवालय में परिवहन निगम के सचिव श्री अरविंद सिंह ह्यांकी एवं प्रबंध निदेशक डॉ आनद श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पहले दिन से ही गुड गवर्नेंस पर काम कर रही हैं। 20 साल के इतिहास में परिवहन निगम पहली बार घाटे से उभरा है।यह गुड गवर्नेंस का बड़ा उदाहरण है।परिवहन निगम आमजनों से जुड़ा विभाग है। सरकार आमजनों की सुविधाओं को देखते हुए इसमें सुधार ला रही है।

# पशुपालकों को बद्री गाय के संरक्षण के बारे में बताया

पंतनगर(उद संवाददाता)। डिग्री कॉलेज अमोडी, चम्पावत में उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी, पंतनगर की ओर से बद्री गाय के संरक्षण को लेकर पशुपालकों को एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान क्षेत्र के किसानों व पशुपालकों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। निदेशक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि बद्री गाय का दूध उच्च गुणवत्ता वाला होता है और बछड़ा-बछड़ी को गाय का ताजा दूध एक घंटे के अंदर पिलाने से सारे पौष्टिक तत्व उनको प्राप्त होता है जो कि उनके सेहत के लिए फायदेमंद साबित होता है। उन्होंने दूध के उत्पादन को बढ़ाने के लिए दलहन, हरा एवं सूखे चारा सहित खनिज मिश्रण व विटामिन को नियमित रूप से जानवरों को देने के लिए जागरूक किया। साथ ही जानवरों की स्थानीय बीमारियों की जानकारी रखने एवं समय से टीकाकरण के लिए पशुपालकों को सलाह दी। विशेषज्ञ डा. विद्यासागर नें बताया कि अधिक दूध के उत्पादन के लिए बेहतर तरीके से गाय का पालन किया जाना और उनके खान-पान पर उचित ध्यान दिया जाना अति आवश्यक है।उन्होंने यह भी बताया कि गाय के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन गाय को 5 से 7 किलो सूखा चारा, 30 ग्राम नमक, 40 से 50 लीटर पानी, 100 ग्राम मिनरल मिश्रण जरूरी होता है। विशेषज्ञ डा. ज्योति पलोड नें गायों में होने वाले प्रमुख बीमारियों की जानकारी के साथ उपचार हेतु दवाइयों की जानकारी दी। उन्होंने बेहतर आर्थिकी के लिए दूध उत्पादन के साथ मार्केटिंग की जानकारी को जरूरी बताया। उन्होंने पशुपालन के लिए सही जानवर का चयन, वातावरण प्रबंधन, साफ- सफाई, उचित प्रकाश व संतुलित पौष्टिक आहार को आवश्यक बताया। आगे उन्होंने ज्यादा दूध देने वाली गायों के लिए 22 प्रतिशत एवं सामान्य दूध देने



वाली गायों के लिए 20 प्रतिशत वाला दाना देना उचित बताया। बछड़ा- बछड़ियों को खीस वाला दूध उनके सेहत के लिए फायदेमंद बताया। कार्यक्रम में 250 से अधिक पशुपालकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को दवाईयां व आवश्यक सामग्री वितरित किया गया। यहां ग्राम प्रधान लालमणी भट्ट, बीडीसी सदस्य जीवन सिंह, मंडल अध्यक्ष (भाजपा) नवीन भट्ट सहित परिषद के डॉ. अनुपम आजाद, धीरज सुंठा, मेघा सिंह, विवेकानन्द उपस्थित रहे।

